आशीर्वाद मांगा।

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

## निविदा सूचना संख्या – पी॰आर॰ 16/2024

### पटना शहर में किराये (Rent) के आधार पर 100 छात्रों एवं 100 छात्राओं के लिए छात्रावास (Hostel) की आवश्यकता

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा मेधावी छात्र/छात्राओं के लिए इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के निमित्त संचालित निःशुल्क कोचिंग (अनुशिक्षण) कार्यक्रम हेतु आगामी मार्च/अप्रैल, 2024 से लगभग 100 छात्र एवं 100 छात्राओं के लिए अलग–अलग छात्रावास की आवश्यकता है। उक्त कार्य हेतु इच्छुक एवं निबंधित प्रतिष्ठानों, ट्रस्ट/सोसाईटी/कम्पनी/मकान मालिक/किसी संस्थान के प्रबंधक/प्रधान से निबंधित डाक/कुरियर/स्पीड पोस्ट/हाथों–हाथ के द्वारा **सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (मुख्य भवन), सिन्हा लाइब्रेरी रोड, पटना–800017** के पते पर बंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है।

2. निविदा प्रपत्र समिति की website: **https://biharboardonline.bihar.gov.in/** से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा समिति के मुख्य भवन स्थित भंडार शाखा (माध्यमिक), सिन्हा लाईब्रेरी रोड, पटना से हाथों–हाथ भी प्राप्त किया जा सकता है।

3. निविदादाता **दिनांक 27.01.2024** को **04:00** बजे अपराह्न तक निविदा प्रपत्र (निविदा हेतु शर्तों के संदर्भ में वांछित साक्ष्यों के साथ) को पूर्णरूपेण भरते हुए बन्द लिफाफे को समिति कार्यालय के मुख्य भवन में अपर सचिव, भंडार (माध्यमिक) के कार्यालय कक्ष में हाथों–हाथ अथवा निबंधित डाक/ कुरियर/ स्पीड पोस्ट द्वारा भी उक्त तिथि तक जमा किया जा सकता है।

4. निविदा प्रपत्र के साथ ₹10,000/- (दस हजार) रूपये का अग्रधन की राशि का बैंक ड्राफ्ट, सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के पदनाम से, जो पटना में भुगतेय हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा।

5. सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को बिना कारण बताये निविदा रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।

सचिव